दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com



KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में




वर्ष :- 03 अंक :- 92 मुरादाबाद, 21 July 2023 (Friday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


# 'मणिपुर की घटना से हृदय क्रोध से भरा है', प्रधानमंत्री बोले- 140 करोड़ देशवासी शर्मसार हुए

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले, कितने हैं- कौन हैं, यह अपनी जगह है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे माताओं-बहनों की रक्षा करने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं।% प्रधानमंत्री ने कहा कि हम राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था और नारी के सम्मान का ध्यान रखें। प्रधानमंत्री बोले- घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए प्रधानमंत्री ने कहा कि %अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करें। घटना चाहे राजस्थान की हो, छत्तीसगढ़ की हो या मणिपुर की हो, हम राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था और





नारी के सम्मान का ध्यान रखें। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता।% बता दें कि मणिपुर में जारी हिंसा के बीच एक विचलित करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि लोगों की भीड़ दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड करा रही है। इस दौरान कथित तौर पर महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के भी आरोप हैं। वीडियो सामने आने के बाद से ही विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार पर हमलावर हो गया है। मानसून सत्र के दौरान भी इस मुद्दे पर हंगामा होने के आसार हैं। सरकार भी संसद में मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए तैयार हो गई है।

## मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई की बात कही

मणिपुर की घटना पर आलोचना से घिरे राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी घटना पर दुख जताया है और ट्वीट कर बताया कि इस मामले में पहली गिरफ्तारी हो गई है

और घटना की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

# मणिपुर की घटना पर मोदी के बयान को लेकर बोले शशि थरूर, 'मैं खुश हूं PM ने चुप्पी तो तोड़ी',




शशि थरूर ने कहा कि हम खुश है कि आखिरकार पीएम मोदी ने अपनी लंबी चुप्पी तोड़ दी है। अब हम संसद में इस मामले पर तब चर्चा करना चाहते हैं, जब पीएम मोदी भी इस पर बात करें।कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि हम खुश है कि आखिरकार पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर हिंसा पर अपनी चुप्पी तो तोड़ी। साथ ही उन्होंने पीएम से संसद में भी इस मुद्दे पर बयान देने को कहा। बता दें,

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने वाले वीडियो पर पीएम ने कहा था कि %मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है।लंबी चुप्पी पर लगा विराम- अब इसी बयान पर शशि थरूर ने कहा कि पीएम मोदी के लंबे समय तक चुप रहने से हम बहुत दुखी थे। उनकी चुप्पी हम में से कोई नहीं समझ सका। हालांकि, हम खुश है कि आखिरकार पीएम मोदी ने अपनी लंबी चुप्पी तोड़ दी है। थरूर ने आगे कहा कि हम अब उन्हें संसद में इस मामले पर बोलने के लिए पूछ सकते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम संसद में इस मामले पर तब चर्चा करना चाहते हैं, जब पीएम मोदी भी इस पर बात करें।

कांग्रेस नेता ने सरकार से पूछे सवाल- थरूर ने मीडिया से कहा कि मैं बहुत खुश हूं आखिरकार उन्होंने ( पीएम मोदी ) अपनी आवाज तो उठाई। अब उन्हें इसी मामले को लेकर संसद में अपनी आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी पर सवाल दागते हुए कहा कि उन्हें सांसदों को बताना चाहिए कि वह इस मामले में क्या सोच रहे हैं? सरकार ने क्या किया अभी तक? अभी तक इस मामले में कुछ किया क्यों नहीं गया? पीएम मोदी का बयान- गौरतलब है, मानसून सत्र शुरू होने से पहले पीएम ने संसद के बाहर मीडिया से बात की थी। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने वाले वीडियो पर पीएम ने कहा था कि %मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले, कितने हैं- कौन हैं, यह अपनी जगह है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे माताओं-बहनों की रक्षा करने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं।

# मुख्यमंत्री योगी बोले, छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मिशन रोजगार के तहत लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित कुल 700 नवनियुक्त अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और बेईमान लोग छह वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश को खोखला बनाने में जुटे थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसे ही पिछड़ा नहीं था। जगह-जगह बेईमान और भ्रष्ट लोगों को नमूनों के रूप में बैठा दिया गया था, जो पूरे उत्तर प्रदेश को खोखला बनाने में लगे हुए थे। भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। जातिवाद, भ्रष्टाचार और भेदभाव विकास के सबसे बड़े बाधक हैं। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। नीति आयोग के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर



बढ़ चुका है। यह एक सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है। सीएम योगी ने गुरुवार को मिशन रोजगार के तहत लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित कुल 700 नव नियुक्त अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। युवाओं को अपने आपको उत्तर प्रदेश का बताने में शर्म आती थी। हमारी सरकार में स्थितियां बदली हैं। आज का युवा गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का नागरिक बताता है। यूपी विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। गरीब कल्याण की योजनाएं पूरे प्रदेश के अंदर प्रभावी ढंग से लागू हुई हैं। उत्तर प्रदेश की जनता को सरकार से जो अपेक्षाएं थी, उस पर हम खरे उतर रहे हैं। यह तब संभव हो पाया जब शासन, प्रशासन और हर कार्मिक ने मिलकर प्रयास किया।सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद घोटाले के बाद आयुष विभाग में बरसों से पद लंबित पड़े थे। पूरी प्रक्रिया बाधित हो गई थी। आज 422 आयुष चिकित्सा अधिकारियों की यहां नियुक्ति हो रही है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने आयुष को एक नई पहचान दी है। अब आपका दायित्व बनता है कि हेल्थ और वेलनेस सेंटर को गति प्रदान करते हुए आयुष विभाग के कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आपकी सेवा का कालखंड 30-35 वर्ष है। इस दौरान आप जितना अधिक संवेदनशील बनकर ईमानदारी से मेहनत करेंगे आपको उतनी अधिक आत्मसंतुष्टि मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमें 25 करोड़ की जनता को ध्यान में रखकर उनके कार्य करना है और उनकी अपेक्षाओं पर हमें खरा उतरना है। आप उत्तर प्रदेश के लिए अच्छा कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश भी आपको पहचान दिलाएगा और आगे बढ़ने के लिए एक अवसर प्रदान करेगा।

## इन विभागों में हुई नियुक्ति

नियुक्ति विभाग में 39 डिप्टी कलेक्टर, गृह विभाग में 93 पुलिस उपाधीक्षक, खाद्य एवं रसद विभाग में सात खाद्य विपणन अधिकारी/जिला पूर्ति अधिकारी, वित्त विभाग में 12 कोषाधिकारी/लेखाधिकारी, नगर विकास विभाग में 10 अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1/सहायक नगर आयुक्त/कर निर्धारण अधिकारी, राजस्व विभाग में 44 तहसीलदार, आयुष विभाग में 422 चिकित्साधिकारी, भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में 53 प्राविधिक सहायक/खान अधिकारी/खान निरीक्षक, राज्य संपत्ति विभाग में पांच व्यवस्थाधिकारी/व्यवस्थापक, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में 15 प्रबंधक/विशेष कार्याधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान बाल्मीकि, आयुष विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु मौजूद रहे।

# दर्दनाक: एक साथ उठीं पांच अर्थियां...चीत्कार से गूंजा इलाका, सिसकते परिजनों को देख थामे नहीं थमे लोगों के आंसू

रामपुर के शाहबाद के ढकिया चौकी क्षेत्र में बुधवार को भट्ठे पर ईंट बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबकर पांच बच्चों की मौत हो गई। अगले दिन गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद एक साथ पांच बच्चों के शव गांव पहुंचे तो परिजनों की चीत्कार सुनकर पूरा गांव फफक-फफककर रो पड़ा। परिजनों की आंखें देख ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों अपने कलेजे के टुकड़ों को अंतिम बार निहारने के लिए उनकी आंखें पथरा सी गईं। पांचों बच्चों का अंतिम संस्कार पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया। बकरी चराने आए अलीना उर्फ अल्शिफा, आकिल, गुलशन, चंचल और सना अधिक गर्मी होने के कारण ईंट भट्ठे के निकट खोदी गई मिट्टी के कारण बने गहरे गड्ढे में जमा हुए पानी में



नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय उपरोक्त पांचों बच्चे डूब गए थे। ढकिया चौकी क्षेत्र के गदमर पट्टी गांव निवासी कदीर की बेटी अलीना उर्फ अल्शिफा ( 10 ), शकील का बेटा आकिल ( 14 ), न्याज अली की बेटी गुलशन उर्फ गुलाफ्शां ( 11 ), मोहन सिंह की बेटी चंचल ( 11 ), इसरार की बेटी सना ( 10 ), पप्पू का बेटा आदिल और भागीरथ का बेटा राम सिंह समेत सभी सात बच्चे अपनी-अपनी बकरी चराने के लिए बुधवार दोपहर को निकटतम गांव गहनी स्थित गए थे। इस दौरान बकरी चराने आए अलीना उर्फ अल्शिफा, आकिल, गुलशन, चंचल और सना अधिक गर्मी होने के कारण ईंट भट्ठे के निकट खोदी गई मिट्टी के कारण बने गहरे गड्ढे में जमा हुए पानी में नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय उपरोक्त पांचों बच्चे डूब गए थे। डूबकर पांचों बच्चो की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद जब शव बृहस्पतिवार तड़के गांव पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। उसके बाद आमने-सामने की गलियों में मौजूद चार बच्चों का जनाजा और एक बच्चे की अर्थी उठने पर लोग फफक पड़े। ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। गांव की हर गली से चीख-पुकार की आवाजे आ रही थी। इस मंजर को देखकर हर व्यक्ति अफसोस जता रहा था। पांच बच्चों का अंतिम संस्कार पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया।

## संपादकीय Editorial

# Modi vs 'India'

The alliance of opposition parties has given its new name - 'India'. Its full term is - 'Indian National Developmental Inclusive Alliance'. Its abbreviated name is 'India'. Surely this is a naming of national, diplomatic, electoral advantage and wisdom. This suggestion was made by Trinamool Congress President and Bengal Chief Minister Mamta Banerjee. Although there was a lot of discussion on the nomenclature. Mamta had added the word 'Democratic' in the nomenclature, in which Rahul Gandhi amended it to 'Developmental'. This symbol-word of 'development' was kept to counter the development campaign of Prime Minister Modi. Now the word 'India' will be used in the election campaign, banners, posters, public meetings of the opposition alliance. Mamata Banerjee has even raised the challenging question – 'Can the BJP challenge India?' She has also raised the campaign slogan – 'BJP will lose, 'India' will win.' being introduced as a synonym for 'country'. This is the politics of the 2024 general elections, but according to the 'National Emblem and Name (Prevention of Improper Use) Act' of 1950, this use is wrong and illegal. The Election Commission itself can take cognizance of this or someone can challenge it in the Supreme Court, because naming any party, business, profession, project etc. as 'Bharat' or 'India' cannot be synonymous with the name of the country.

It is only the name of the country, the nation, nor can the 'tricolor' be used. It is legally mandatory to add another word or any other picture to it. However, this is a question of future or legal challenge. At present the leaders of 'India' have declared that the fight of 2024 will be between BJP's thinking, ideology, Prime Minister Modi, his alleged dictatorship and 'India'. Now the fight will be to save the constitution and democracy of 'India'. Now the fight will be for the protection of the people of 'India' and for the sake of unemployment, inflation, poor economy, farmers, Dalits, backward people and for the freedom of the country. Different leaders of the opposition have given such a call. However, 26 opposition parties participated in the Bengaluru meeting. Out of these, at least 10 parties do not have a single MP in the Lok Sabha. The opposition seems to be uniting, but still the path and the destination are far away. However, 'India' will have its secretariat in Delhi. He will also be the coordinator of the coalition. An 11-member coordination committee of the alliance will also be formed. These decisions have been taken in the meeting. The next meeting will be held in Mumbai, in which the name of the convener and some basic points of the Common Minimum Program are likely to be announced. Parallel to this, a meeting of 38 parties of the ruling coalition NDA was also held in New Delhi. In this too, there are 20-22 parties which do not have any representation in the Parliament. However, these issues are not very important from the point of view of elections. The general election will be in the face of Prime Minister Modi, who will seek a mandate for a third term. He has tried to set the 2024 election agenda before and after the NDA meeting. The Prime Minister attacked the opposition on the 'poison of casteism' and 'scams worth Rs 20 lakh crore' and guaranteed the country to take action on corruption. He assured his NDA colleagues that the public opinion of the country is in his favor. We will get more than 50 per cent votes. World are confident about the public opinion, that's why they are inviting us and are also writing big agreements with India. Often a party going out of government is not treated like this globally. The battle of 'Modi vs India' of 2024 will be interesting. We will also keep a constant vigil because ultimately the mandate should be in the interest of India. Naming is just a preliminary attempt.

# The magical world of world cinema: the cinema of Nicaragua - a master of both documentaries and features

Nowadays film production in Nicaragua is in private hands as there is no system of support from the government. But international level films are being made here. The film 'La Yuma', made in 2008, was sent from here for the Oscar Award in 2011, it received 7 other awards. Nicaragua is a small country in Latin America. This Central American country is located between the Pacific Ocean and the Caribbean Sea and is known for its unique natural features - canals, volcanoes and beaches. This poorest country in Latin America is named after its main indigenous people, the Nicaraos. Once upon a time this tribe used to live around Lake Nicaragua. It is a country that was colonized by both Spain and Britain. Yet today professional and non-professional filmmakers of this country have made headway in both documentary and feature films. Come, let's look at the cine-history of this country from the beginning. The book 'Conquering a Dream' written by Carly Gatton, a historian of Nicaragua born on March 24, 1980, reveals the cine-history here, although most of the old film reels have been destroyed. Are. According to Carley, the cinematograph equipment arrived in an iron trunk in December 1899 and the person who brought it was a Mexican named Lagareta. But before that there was a Municipal Theater for the Performing Arts. Central America was attracting French people for its natural beauty to shoot the landscapes, people, streets and buildings here and they were shooting these places. These films were called 'Visitaj'. It also featured pictures of Central American girls filming in Sunday party dresses (1897). When film was discovered in Nucaragua and became known to the public, this era (1900–1929) is what Carley refers to in his book as 'The Age of Light'. The films of this time had varied characters but no plot. And these days films were in private hands. Out of curiosity, both the rich and the poor used to come to see these paintings. Being cheap made it a staple to watch for the working class. And when it became expensive, it became a social prestige as people came to show off their expensive clothes to others. Later a time came when all kinds of people started going to see it. In fact, soon there were about forty theaters, and competition drove down ticket prices. Sound films began to be made in the thirties - according to another historian, a short film inspired by natural scenes was shown at the Managua Theater in 1900 by the Lumiere Cinematograph. Later, 'The Lady Wears the Pants', 'Soccer's Arab', 'The Heart is Stronger than Reason' and 'The Marriage of the Son of the Devil' were also shown. In 1925 the first Nicaraguan Film Academy was established. Actors were also trained here. In these years, the fighting in the northern region of the country was filmed as an official film by the photographer of the US Marine Corps. In 1929, Paramount made a three-second film in which a Nicaraguan leader takes off his hat to greet the cameraman. Voice films began to be made in Nicaragua in the thirties and both documentaries and features in the forties. At the same time Hollywood films started reaching this country. Some of these also starred Nicaraguan actress Lilian Molieri ("Ana and the King of Siam"). The first film directed entirely by Nicaraguan people was El Nandimeno, a black-and-white film made in the early sixties by director Benjamin Zapata. In the seventies, documentaries were mainly made because of the rebellion. It was filmed sharing interviews with guerrilla warriors. Cinema of the Seventies-Eighties - The Nicaraguan Film Institute was established in the seventies and consultants and cameras were imported from Cuba. New directors came forward. The wages were given with the help of government and grants. He started getting all the facilities to work on the lines of Hollywood. He began to learn new techniques of filming. In the 1980s the Chilean filmmaker Miguel Littín came to Nicaragua and made his most influential film, Elsino and the Condor. In this first color feature film in Nicaragua, Elsino, a 10-12 year old boy, lives with his grandmother in a remote area of Nicaragua. living with mother. He gets caught between the rebels and the government troops. The film was nominated for an Oscar in the category of Best Foreign Film. Another notable film was made here in the eighties. This film is 'The Ghost of War' by cine-director Ramiro Lacayo-Deshon. This 1988 film is a musical drama. Reynalo is a young dancer from Nicaragua's Caribbean coast in this political thriller, but he wants to give up his profession and fight for the country. In 1998 a short documentary 'Cinema Alcazar' was made under the direction of Florence Jauge. Rosa comes to a place in this ten minute documentary. There was an earthquake in this place sometime back and a building was reduced to rubble. According to the people, it was a cinema hall, but Rosa was spending years there, but she had never seen a film in her life. A lot happens in the film. It stars Pilar Acure. IMDb has given it 6.9 stars. Berlin International Film Received two awards in the festival. Cinema of the present - nowadays film production in Nicaragua is in private hands as there is no system of support from the government. But international level films are being made here. The film 'La Yuma', made in 2008, was sent from here for the Oscar Award in 2011, it received 7 other awards. The critically acclaimed film directed by Florence Jauge, starring Nicaraguan actress Alma Blanco, but produced by a French woman director living in Nicaragua. The 1 hour 30 minute film tells the story of Yuma, a strong-willed rebellious girl who dreams of becoming a boxer. Gabriel Serra, who studied film in Mexico, made La Parka ('The Reaper') in 2015, which was nominated for an Oscar for Best Documentary. The film is influenced by the new cinema of Mexico and is based on a brutal, tortured plot. In 2017, a unique documentary was made on the Nicaraguan music-writer called 'Wal-Ter'. 'The Black Creoles', 'Daughter of Rage', 'Big Brother Vulcano', 'Paying the Price for Peace', 'Island of Lost Children' are some of the other films to come from Nicaragua in this century.

# The fight against drugs will be successful only when there is no scope for consumption of drugs in the country

Everyone should be familiar with the fact that the illegal business of narcotics is not only ruining the future of youth as well as the country by making them drug addicts, but the money earned from this black business is being used for all kinds of countries. They are also doing it to conduct hostile activities and to feed organized crime as well as terrorism. The destruction of 1.40 lakh kg of drugs in different cities of the country under the anti-drug campaign is a message to the drug peddlers that their illegal business will be ended, on the other hand, it is also a sign of the government's commitment to eradicate drug addiction. Strong on the campaign. The value of drugs destroyed last day is about Rs 2,381 crore. The campaign to destroy drugs has been going on for a long time and drugs worth about Rs 12 thousand crore were destroyed last year. Nevertheless, it cannot be overlooked that the quantity of narcotics being seized and destroyed is far less than what is being brought into India from various sources. It is true that in the recent times huge consignments of drugs brought through smuggling have been recovered and arrests have been made of those involved in the business of these drugs, but it cannot be said that the elements who are sending drugs into India have lost their morale completely. It is clear that there is a need to take such measures so that drugs cannot enter India. For this, the vigil on the borders will have to be increased and the noose will also have to be tightened on drug smugglers. Such elements are active within the country as well as outside. Although



Pakistan needs to be wary of most in terms of drug smuggling, but the fact is that drugs are also being brought inside the country from the borders of the North East. The audacity of drug smugglers has increased so much that they are bringing drugs through ports also. Everyone should be familiar with the fact that the drug peddlers are not only ruining the youth as well as the future of the country by making them drug addicts, but are also using the money earned from this black business to conduct all kinds of anti-national activities and to fuel organized crime as well as terrorism. It is clear that there is a need to make the society and especially the youth aware that their habit of drugs destroys their lives and also poses a big threat to the security of the country. Punjab has many examples of how drugs destroy the youth. The fight against drugs will be successful only when there is no scope for consumption of drugs in the country. The role of our youth will be most important in eliminating this scope, because drugs are generally consumed among them only.

# एसटीएफ की टीम ने फर्जी तरीके से कूटरचित बीमा दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा



मुरादाबाद। एसटीएफ बरेली की टीम ने मुरादाबाद के एआरटीओ तिराहा से फर्जी तरीके से कूटरचित बीमा दस्तावेज और प्रमाणपत्र जारी करने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों सलमान उर्फ अनवर और नदीम पुत्र मुख्तियार हुसैन को गिरफ्तार किया। उनके पास से टीम को 12 वाहनों के फर्जी कूटरचित बीमा दस्तावेज, 4 मोबाइल, एक लैपटॉप और 23,000 रुपये नकद बरामद हुए। बरेली एसटीएफ की टीम ने मझोला थाने में केस दर्ज कराया। प्रदेश के एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ को सूचना मिल रही थी कि मुरादाबाद में चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी एरगे कंपनी के कूटरचित बीमा दस्तावेज तैयार करने वाला गिरोह सक्रिय है। इस सूचना पर एसटीएफ की इकाइयों को लगाया गया। उनके पास से 12 वाहनों के फर्जी कूटरचित बीमा दस्तावेज, 4 मोबाइल, एक लैपटॉप और 23,000 रुपये नकद बरामद, बरेली एसटीएफ की टीम ने मझोला थाने में दर्ज कराया केस - मुख्यालय से मिले निर्देश पर बरेली एसटीएफ यूनिट के पुलिस उपाधीक्षक अब्दुल कादिर के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक राशिद अली के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी जानकारी एकत्रित कर मुखबिर की सूचना पर एआरटीओ तिराहे के पास घेराबंदी कर कूटरचित बीमा दस्तावेज तैयार करने वाले सक्रिय गिरोह के दो सदस्यों सिविल लाइंस थाने के चक्कर की मिलक निवासी सलमान उर्फ अनवर पुत्र सरवर हुसैन और नदीम पुत्र मुख्तयार हुसैन निवासी ग्राम गुरेर थाना मैनाठेर को मौके से गिरफ्तार किया। टीम की पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि यह दोनों अपने साथी नूर कमर और कासिम के साथ मिलकर भोले भाले लोगों को कम पैसे लेकर अधिक रुपये का बीमा कराने का प्रलोभन देते थे। उनके वाहन के पुराने बीमा कागजात को लैपटॉप या मोबाइल पर एडिट करने के बाद एम परिवहन ऐप और नामी बीमा कंपनियों के वेवसाइट पर तथ्यों में फेरबदल कर अपलोड कर वाहन स्वामियों और बीमा कंपनियों को चूना लगाकर राजस्व की क्षति पहुंचा रहे थे। इन्होंने टीम को बताया कि भारी वाहनों का फर्जी बीमा 35-40,000 रुपये की बजाय 3-4,000 रुपये में उपलब्ध करा देते थे। हालांकि कूटरचित वाहन बीमा प्रपत्र के चलते दुर्घटना होने पर वाहन स्वामी को बीमा कंपनी से कोई भुगतान न मिलने पर हकीकत पता चलती थी। टीम ने मझोला थाने में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों सलमान उर्फ अनवर और नदीम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 और 66बी और 66सी आइटी एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज कराया। अब आगे की कारवाई मझोला थाने की पुलिस को करना है। कारवाई करने वाली टीम में मुख्य आरक्षी संदीप कुमार,गिरिजेश पोसवाल, शिवओम पाठक, नितिन, कुलदीप, आरक्षी कमांडो खान मोहम्मद शामिल रहे। यह हुई बरामदगी 12 वाहनों के फर्जी कूटरचित बीमा दस्तावेज 4 मोबाइल एक लैपटॉप 23,000 रुपये नकद

# मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार लोगों की दर्दनाक मौत...सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी बेकाबू डीसीएम



मुरादाबाद।जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मुरादाबाद- संभल रोड पर एक बेकाबू डीसीएम सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। हादसा मैनाठेर थाना क्षेत्र में बघा गांव के पास हुआ। ट्रॉली में ईंटें भरी थीं। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दो लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। उनकी हालत को नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना मैनाठेर इलाके के बघा गांव के पास ईंटों से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली खराब हो गई थी। ट्रैक्टर चालक ट्रॉली को साइट में लगाकर मकैनिक को लेने चला गया था। इसी दौरान आगरा से जूते भरकर मुरादाबाद आ रही बेकाबू डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सवारी के रूप में ट्रक में बैठे चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल ट्रक चालक और एक अन्य घायल को ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।हादसे की सूचना पर आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे हुए चारों शवों को बाहर निकलवा कर उन्हे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएमको सड़क से हटाकर यातायात शुरू कराया गया है। हादसे में मारे गए लोगों के पास से मिले पहचान पत्र और मोबाइल फोन से उनके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।घटना की जानकारी होने के बाद मुरादाबाद एसएसपी हेमराज मीणा और एसपी देहात संदीप कुमार मीणा जिला अस्पताल पहुंचे

और घायलों का हालचाल जाना।सीएम योगी ने जताया दुख- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री जी ने संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित इलाज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# पति को जहर खिलाकर प्रेमी से मिलने मायके पहुंची महिला

मुरादाबाद-युवक के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, बोले थानाध्यक्ष -मामले की जांच की जा रही है , तथ्य सही पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी गांव मुस्तफापुर बढ़ेरा में महिला ने पति को जहर खिलाकर प्रेमी से मिलने के लिए मायके पहुंच गई। सनसनीखेज घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। गांव निवासी मोबीन की शादी अब से लगभग 15 महीने पहले थाना भगतपुर क्षेत्र गांव जाहिदपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। कुछ दिनों तक पत्नी की हरकतों के बारे में मोबीन को पता नहीं लगा। विवाहिता चोरी-छिपे मोबाइल फोन से प्रेमी से बात करती थी। आरोप है कि एक दिन महिला अपने फोन से प्रेम से बात कर रही थी। तभी मोबीन ने टोक दिया जिस पर वह आग बबूला हो गई। दोनों में इसी बात को लेकर मारपीट हो गई। मोबीन ने कॉल रिकॉर्डिंग अपने पास सुरक्षित रख ली। जिसको लेकर पंचायत बैठाई मगर कोई नतीजा नहीं निकला। विवाहिता का अपने प्रेमी से फोन पर बातचीत का सिलसिला जारी रहा। परिजनों ने आरोप लगाया कि लगभग एक सप्ताह पहले जब मोबिन खाना खा रहा था, तभी सब्जी में उसकी पत्नी ने कुछ जहरीला पदार्थ मिला दिया गया। जिसको खाकर मोबीन की हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए मुरादाबाद निजी चिकित्सालय ले गए। इस बीच महिला घर में रखे सोने चांदी के आभूषण लेकर प्रेमी से मिलने मायके पहुंच गई। बताया जाता है कि महिला अभी भी मायके में ही रह रही है। जबकि मोबिन को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उसका अब घर पर ही उपचार चल रहा है। मोबिन के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सही तथ्य पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# हम हैं दबंग...सड़कों पर बिना हेलमेट भरेंगे फर्राटा!



मुरादाबाद-दूसरों का चालान काटने वाले खुद तोड़ रहे नियम, सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में लोगों को जागरूक करने वाले रहे नदारद दूसरों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने वाले खुद ही नियमों को तोड़ते नजर आए। बुधवार को सड़कों पर पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते दिखे। वहीं कुछ दो पहिया वाहन चालक भी बिना हेलमेट के नजर आए। तो कुछ चालक गलत दिखा में जाते दिखे। वहीं चौराहों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी सिर्फ गैर जनपदों के नंबर वाले वाहनों की तलाश में ही व्यस्त रहे।बुधवार दोपहर दो बजे रामपुर-मुरादाबाद हाइवे पर क्21-ष्9683 डिस्कवर मोटर साइकिल से एक दरोगा बिना हेलमेट कटघर थाने से लेकर पारकार इंटर कॉलेज तक आए। बीच में डबल फाटक पुल के नीचे, इंपीरियल तिराहे, रेलवे स्टेशन के एंट्री गेट और पारकर इंटर कॉलेज के मोड़ पर खड़े ट्रैफिक पुलिस के साथ होमगार्ड भी उन्हें सलाम करते रहे पर टोकने की हिम्मत नहीं कर सके। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की यह कैसी तस्वीर है। जहां खुद पुलिस ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वर्दीधारियों को नजर अंदाज कर रही है। वहीं, लवीना रेस्टोरेंट के सामने से बाइक सवार तेज गति से गलत दिशा फर्राटा में भरते मिले तो वहीं माल वाहक वाहन गलत दिशा में सड़क पर दौड़ रहे थे। फव्वारा चौक पर खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मी 2-50 बजे अपनी ड्यूटी करते मिले। पर वो गैर जनपद के वाहन तलाश कर रहे थे। जिसके कारण उन्हें पीली कोठी की ओर से स्कूटी पर आ रही बिना हेलमेट एक महिला नहीं दिखाई दी। कुछ ही देर में एक छात्रा भी बिना हेलमेट गुजर गई। लेकिन पुलिसकर्मियों ने दोनों को रोककर सड़क सुरक्षा के पखवाड़ा में जागरूक करने की कोशिश नहीं की। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने का ढंका पीटने वाले संभागीय परिवहन कार्यालय के अधिकारी और यातायात पुलिस अधिकारी भी दिखाई नहीं दिए।

# बांग्लादेशी जूलिया संग स्थानीय खुफिया इकाई के रडार पर अजय का परिवार



मुरादाबाद-अजय और बांग्लादेशी जूलिया अख्तर उर्फ जूली के प्रकरण में मुरादाबाद पुलिस के पास अभी कोई नया अपडेट नहीं पाकिस्तानी सीमा हैदर की चर्चा के बीच मुरादाबाद के अजय और बांग्लादेशी जूलिया अख्तर उर्फ जूली के किस्से यहां चर्चा में हैं। वैसे तो पुलिस के पास इस प्रकरण अभी कोई अपडेट नहीं है। क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस अर्पित कपूर कहते हैं कि अजय से उनकी बात हुई थी, वह पूरी तरह से स्वस्थ है। अजय के बांग्लादेश के वर्तमान लोकेशन के बारे में पुलिस के पास अभी कोई नया अपडेट नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हेमराज मीना ने बताया कि प्रकरण में जांच चल रही है। सच तो यह है कि पाकिस्तान की सीमा और नोएडा के सचिन की प्रेम कहानी जितनी सुर्खियों में है, उसी तरह मुरादाबाद के अजय और बांग्लादेश की जूली का मामला की भी है। भोजपुर के बिजना गांव के अजय और उनकी मां सुनीता, पिता, भाई- बहन काफी समय से सिविल लाइन के गौतम नगर में किराए के मकान में रह रहे हैं। अजय टैक्सी चलाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इसी बीच दो साल पहले उसकी फेसबुक के जरिए बांग्लादेश के गाजीपुर की जूली से दोस्ती हो गई। दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर भी फेसबुक के जरिए साझा किए और फिर दोनों युगल प्रेमियों की मोहब्बत का सिलसिला तेजी से आगे बढ़ चला। स्थिति यहां तक आ गई कि बांग्लादेश की जूली स्वदेश छोड़कर 11 साल की बेटी को लेकर वह अजय के पास रहने के लिए उसके किराए के मकान में सिविल लाइन पहुंच आई थी। कड़ी सुरक्षा के बीच सरहद पार कर आई थी जूली - सरहद पर सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि 24 घंटे निगाहबान सुरक्षाकर्मियों की आंख में धूल झोंककर जूली आखिर भारत में कैसे दाखिल हो गई। भारत-बांग्लादेश की सरहद को पार कर जूली मुरादाबाद कब पहुंची? इसकी कानों कान न किसी सुरक्षा एजेंसियों को खबर लगी और न ही पुलिस को। उसने मुरादाबाद में किराए के मकान में आकर अजय के साथ समय बिताया, धर्म परिवर्तन भी किया और विवाह भी रचाया। जूली के आने पर अजय के घर बजी थी शहनाई - बांग्लादेश की जूली मुस्लिम समुदाय से है और उसने अजय के साथ विवाह रचाने से पहले हिंदू धर्म को अपनाया। विवाह के बाद भी वह बतौर पत्नी अजय के साथ रही। अजय के परिवारवालों के मुताबिक शादी के बाद जूली ने स्वदेश (बांग्लादेश) लौटने की इच्छा जाहिर की थी। यह सब तीन महीने से पहले हुआ, उस बीच में जूही अपने मायके अजय को हंसी- खुशी के साथ लेकर गई। परिवार के लोगों ने भी दूल्हा- दुल्हन को विदेश भेजने में तमाम रीति-रिवाजों को अभी पालन किया। लेकिन, फिर अजय की विदेशी ससुराल में बहुत समय तक खातिरदारी नहीं रही। अभी कुछ दिन पहले ही अजय ने अपने घर के मोबाइल नंबर के व्हाट्सएप पर अपनी ससुराल में हो रही प्रताड़ना के तौर पर कुछ फोटो भेजी थी। व्हाट्सएप पर बेटे की आई खून से लथपथ तस्वीर देखकर पूरे परिवार की पैरों तले जमीन खिसक गई। अजय की मां मदद की गुहार लगाने एसएसपी के सामने पेश हुई थी। जिस पर पुलिस अजय को बांग्लादेश से वापस भारत लाने और उसकी खोज खबर के लिए सक्रिय है।उच्च स्तरीय एजेंसियां भी हुईं अलर्ट-सूत्रों की मानें तो अजय और जूली के मोबाइल नंबर पुलिस ने सर्विलांस पर लगा रखे हैं। लेकिन, इस मामले में अभी पुलिस को कोई नया अपडेट नहीं मिल पाया है। पुलिस ने मामले को उच्च स्तर पर साझा किया है। बताया जा आ रहा है कि उच्चस्तरीय एजेंसी अभी जूली और अजय के प्रकरण में जानकारी जुटा रही हैं। लेकिन, एजेंसियों की सक्रियता के बारे में अभी दावा करना जल्दबाजी होगी। अजय के परिवार पर पुलिस की नजर- अजय के परिवार में लगभग सभी सदस्यों से पुलिस और उसकी अन्य जांच एजेंसी (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट-एलआईयू) के प्रतिनिधियों ने विभिन्न तरह के सवालों के जवाब ले चुकी हैं। अजय की मां, बहन- भाई मोहल्ले में आसपास के रहने वालों से भी पुलिस ने तरह-तरह के सवालों पर जवाब लिए हैं। अजय के परिवार के सदस्य मीडिया से बातचीत में कतरा रहे हैं। जबकि पड़ोसी चर्चा में विवाह समारोह औ जूली के यहां रहने को लेकर विस्तार से बात कर रहे हैं।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नानऊ नहर में मिली अधेड़ की लाश तो युवक ने पेड़ से लटकर दी जान फैली सनसनी

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - नानऊ नहर में एक अधेड़ की लाश व कुछ दूरी पर एक युवक के द्वारा पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जान देने की जानकारी पर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मौजूद लोगों से जानकारी ली। पनेठी पुलिस चौकी इंचार्ज अंशुल शर्मा ने बताया है कि नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने की जानकारी पर वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस पानी से शव को बाहर निकालकर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही थी।तभी ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि शेखापुल से करीब तीन सौ मीटर दूर नानऊ की ओर नहर के किनारे एक फापड़ी के पेड़ पर एक युवक ने फांसी लगा ली है

जिसका शव पेड़ से लटका हुआ है।जानकारी पाकर वह वहां पहुंच गए और शव को नीचे उतारा मौजूद लोगों से व राहगीरों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहंचान न होने पर दोनों शवों को मोर्चरी भेजा है। नहर में मिले अधेड़ व्यक्ति की उम्र करीब 35 वर्ष तथा शव तीन चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। वहीं पेड़ पर लटके युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। पुलिस ने दोनों के शवों को मोर्चरी भेजा है जहां 72 घंटे तक शवों का सुरक्षित रखा जायेगा।

# शिकायतों की भरमार, पोर्टेबिलिटी का नहीं लिया लाभ

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राशन डीलरों से संबंधित शिकायतें रोजाना होती हैं। कोई राशन कम देने की शिकायत करता है तो कोई राशन ना देने की। सरकार ने कोई भी पॉर्टेबिलिटी की सुविधा का लाभ नहीं लिया। सरकार ने अब फिर से निर्देश जारी किया है। जिले में तीन लाख 13 हजार राशन कार्ड धारक है। इसमें 27164 अंत्योदय कार्ड धारक है। अधिकारियों पर राशन संबंधी शिकायतें आती है। एक अनुमान के मुताबिक जिले में तीस अधिक शिकायतें राशन संबंधी आ जाती है। शिकायत आते ही उन्हें जांच के लिए भेज दिया जाता है। जैसे ही जांच के लिए आदेश आता है वैसे ही शिकायतकर्ता इसके पीछे लग जाते हैं। उनकी मंशा राशन डीलर पर कार्रवाई की रहती है। किसी भी राशन कार्ड धारक ने सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधा पॉर्टेबिलिटी की नहीं ली। आने वाली इन शिकायतों से अधिकारी भी परेशान रहते हैं। अधिकांश जांचों में राशन डीलर कम ही दोषी मिलते है। व्यक्तिगत कारणों से शिकायत होना भी बताया जाता है। सरकार की ओर से जारी किया नया आदेश एटा। डीएसओ कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी किसी भी राशन डीलर की ओर से दुकान बदलने संबंधी कोई आवेदन नहीं दिया है। एक नया आदेश और आया है। इसमें कहा है कि यदि कार्डधारक विगत 06 माह से अपनी मूल दुकान से खाद्यान्न प्राप्त न करके जनपद की किसी अन्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर रहा है तो उचित होगा कि राशन कार्डधारक अपने राशनकार्ड को पोर्टेबिलिटी सुविधा से खाद्यान्न प्राप्त करने वाली दुकान से ही सम्बद्ध करा लें। इससे कार्डधारक अपनी मनचाही दुकान को मूल दुकान के रूप में चुन सकेगा। विकल्प के माध्यम से शहरी क्षेत्र का कार्डधारक द्वारा अपने जनपद के शहरी क्षेत्र की अन्य उचित दर दुकानों चयन की जा सकेगी। ड्रॉप डाउन बॉक्स में नयी दुकान का चयन विकल्प प्रदर्शित होगा, जिसके आधार पर नयी दुकान का चयन करना होगा। एसडीएम को जांच में मिली खामियां एटा। एसडीएम सदर भावना की ओर से ब्लॉक निधौली कला में रामनगर जिटोली, शीतलपुर ब्लॉक में राशन की दुकानों का निरीक्षण किया। इसमें स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर, साफ सफाई, पॉश मशीन आदि व्यवस्थाओं को देखा गया। अव्यवस्था मिलने पर नोटिस एवं जुर्माने की कार्रवाई की गई। राशन डीलरों को साफ सफाई एवं स्टॉक रजिस्टर सत्यापन कराने के लिए निर्देश दिए गए। जिटोली और शीतलपुर की दुकानदार पर जुर्माना भी लगाया गया। राशन संबंधी शिकायत काफी आती है, जो भी शिकायतें आती है उन पर जांच कराई जाती है, जो शिकायतें आती है उसमें कुछ सही भी होती है। अगर किसी कार्ड धारक को राशन नहीं मिल पा रहा है अथवा कोई समस्या है तो वह राशन की दुकान को बदल सकता है।-

**आलोक कुमार, एडीएम प्रशासन**

# ग्रामीणों ने मांस भरी कार व दो तस्करों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

शेर सिंह
क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- भुता। थाना क्षेत्र के ग्राम लहिया नवादा ब्रह्मांन मार्ग देवस्थान के पास ग्रामीणों ने तस्कर प्रतिबंधित मांस ले जाते कार को घेर लिया। तस्कर जब भागने निकले तो ग्रामीणों ने दौड़ा कर दो तस्करों को भी पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना भुता की पुलिस पहुंची ।तभी ग्रामीणों ने दोनों तस्करों व गाड़ी को पुलिस के हवाले कर दिया ।पुलिस ने मांस को परीक्षण हेतु भेजा है। आज गुरुवार गुरुवार सुबह लगभग 7-00 बजे लहिया नवादा ब्रह्मांन के पास एक वैगनआर कार बोरों में भरा मांस कार में ले जाते देखा तो ग्रामीण जितेंद्र ,छोटू ,योगेश पटेल ,मनोज पटेल ,धर्मेंद्र आदि लोगों ने कार को घेर लिया। उसमें बैठे तस्कर भागने लगे तभी ग्रामीणों ने दौड़ा कर दो तस्करों को पकड़ लिया है। इधर थाना भुता पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे एस आई यश पाल आर्य ने तस्करों से कुछ सांठगांठ कर उन्हें छोड़ना चाह रहा था। तभी ग्रामीणों ने भारी हंगामा किया पुलिस के उच्च अधिकारियों को फोन किया गया। तब पुलिस हरकत में आई। तभी ग्रामीणों ने दोनों तस्करों व मांस भरी वैगनआर कार को पुलिस को सौंप दिया। हंगामे के बाद पुलिस ने मांस भरी वैगनआर मांस भरी कार थाने में खड़ी करवा ली है। दोनों तस्करों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मांस को परीक्षण हेतु भेजा है।



# बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्थापना दिवस पर बच्चों को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-रिठौरा। गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस के मौके केसरपुर के प्रबंधक अशद अली,नरेश कुमार ज्वाइंट मैनेजर, अपूर्व अहलावत क्रेडिट ऑफिसर व रमेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय खाइखेड़ा में स्कूली बच्चों को पुरस्कार स्वरूप कापियाँ, टिफ़िन, कलर बॉक्स,पेंसिल रबर आदि वितरित किए जिन्हें पाकर मासूमों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कवि राजेश शर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहे। वहीं रिठौरा शाखा प्रबंधक संजीव कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, कुसुम राजेन्द्र कुमार मौर्या आदि स्टाफ ने प्राथमिक विद्यालय नौगवां जागीर में स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया। तथा बैंक सेवा के वारे में विस्तार से बताया।

# स्कूली बच्चे की साईकिल में टक्कर मारकर की मारपीट दो सौ रुपए छीने

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - स्कूली बच्चे की साईकिल में टक्कर मारकर मारपीट करने व उससे दो सौ रुपए छीन लेने के आरोप में एक युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। गांव इरखिनी निवासी रिंकूसिंह पुत्र सुरेशचंद्र ने रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार की सुबह उसका दस वर्षीय बेटा घर से साईकिल द्वारा पढ़ने के लिए अकराबाद के स्वामी विवेकानंद स्कूल में आया था। वह जैसे ही केलनपुर नहर पुल के पास पहुंचा तभी सामने से बाइक पर आरहे एक युवक ने उसकी साईकिल में टक्कर मारदी जिससे वह सड़क पर गिर गया। आरोप है कि वह अभी उठ भी नहीं पाया थी कि उसे लात घूंसों से उसे मारापीटा और जेब में रखे दो सौ रुपए निकाल लिए शोरगुल सुन मौके पर आए राहगीरों को देख आरोपी नहर में फैंक देने की धमकी देते हुय भाग गया। इस संबंध में थाना प्रभारी एमपीसिंह का कहना है कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपित सचिन कुमार पुत्र रेशमपाल निवासी इरखिनी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# दहेज न देने पर किया प्रताड़ित, की आत्महत्या

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शादी के दो माह बाद ही ससुरालीजन दहेज की खातिर उत्पीड़न करने लगे। जेठ मायके छोड़ गए। विवाहिता ने घर न जाकर पेड़ से लटक आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने शव लटका देखा और पुलिस व घरवालों को सूचना दी। पिता ने आठ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।थाना अवागढ़ के गांव नगला गलुआ बसुंधरा निवासी इंद्रवीर ने बताया कि बेटी रूबी ( 22 ) की शादी राहुल पुत्र रामप्रकाश निवासी नगला फकीर निधौलीकलां के साथ दो माह पहले की थी। दोनों का रिश्ता एक साल से तय था और राहुल बेटी से भी बात करता था। शादी में 20 लाख, बाइक व जेवरात भी दिए थे। उसके बाद भी ससुरालीजन खुश नहीं थे। कार व दो लाख की मांग करते थे। असमर्थता जताने पर बेटी की पिटाई की। मंगलवार को जेठ देवेंद्र बेटी को गांव के बाहर छोड़कर चले गए। इसके चलते बेटी काफी हताश हो गई थी ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान थी। बेटी ने खेत पर खड़े नींव के पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है। पिता ने राहुल, रामर्प्रकाश, ओमवती, जसवीर सिंह, गोपाल, देवेंद्र, पिंकी, प्रीती निवासी नगला फकीर निधौलीकलां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अध्यक्ष पद पर आमने-सामने की टक्कर. महासचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबला



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में. जिसका मतदान कल होना है. महिदपुर पद अध्यक्ष एवं महासचिव पद पर. मुकाबला रोचक देखने को मिल रहा है. वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कनिष्ठ उपाध्यक्ष. संयुक्त सचिव. प्रभु कोड़ी मुकाबला रोचक है. साथी वरिष्ठ गवर्निंग काउंसिल एवं जूनियर गवर्निंग काउंसिल. के साथ-साथ. कोषाध्यक्ष. पद पर चुनाव होना है. अध्यक्ष पद पर डोरीलाल वर्मा एवं. अशोक सिकरवार के बीच सीधी टक्कर है. अशोक सिकरवार कई बार भाग्य आजमा चुके हैं हो सकता है शायद किस्मत उनका इस बार साथ दें और वह अध्यक्ष पद पर आसीन हो. वहीं दूसरी ओर दूरी लाल वर्मा पुराने वरिष्ठ अधिवक्ता है और राजनीतिक व्यक्ति कहे जाते हैं. उम्र के हिसाब से वह अनुभवी. अनुभवी प्रत्याशी है. वहीं दूसरी ओर कई और चुनाव मैदान में अशोक सिकरवार भी नए खिलाड़ी नहीं है. इसके अलावा महासचिव पद पर गिरीस शर्मा राकेश यादव. अमित जौहरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है. राकेश यादव. पिछली दो बार महासचिव रह चुके हैं. और सदैव अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करते रहे हैं. अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए वह कंधे से कंधा मिलाकर साथ आगे बढ़े हैं और समस्याओं के निराकरण तक उन्होंने हर अधिवक्ता का साथ दिया. वहीं दूसरी ओर गिरीश चंद शर्मा. अपने साथी अधिवक्ताओं एवं जाति बंधुओं के साथ. अन्य मतदाताओं में सेंधमारी करने में लगे हैं. को अपने ओबीसी मतदाताओं के अतिरिक्त अन्य मतों का भी सहारा है. वहीं दूसरी ओर. संयुक्त सचिव पद पर 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. जिनमे नितिन चन्द्रेश का पलड़ा भारी है आज मतदान के 1 दिन पूव.'हर प्रत्याशी ने अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए हर प्रकार की कोशिश की. महत्वपूर्ण पदों के लिए या मतदाता एक और रोटी बूटी. पर मद्रा का सहारा लेकर अपने मतदाताओं को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर प्रत्याशी के हर. गेस्ट हाउस में. जो खाने के और पीने के शौकीन है. हर प्रत्याशी के कार्यालय पर पहुंच रहे हैं. आज अंतिम दिन रावतों का दौर पूरी रात चलेगा. कल मतदान होना है और मतदान के बाद मतगणना प्रारंभ हो जाएगी मतगणना का परिणाम देर रात घोषित होने की संभावना है. मतदान को लेकर अधिवक्ता दो दिवसीय कार्य से व्रत है. प्रत्याशी जहां एक और एक. 11 मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर मतदाता भी हर प्रत्याशी को आश्वासन देकर आश्वस्त कर रहे हैं. साल भर का अध्यक्ष और महासचिव का चेहरा किस किस तरह बनेगा. यह कल देर रात के स्पष्ट हुआ



# कीटनाशक का छिड़काव कर रहे पति-पत्नी की करंट से मौत

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- अलीगढ़ के थाना क्षेत्र अकराबाद में गुरुवार सुबह एक दंपति की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वह अपने अमरूद के बाग में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। गांव मोहनपुर में धौरी के निवासी रेशमपाल और उनकी पत्नी गीता देवी दोनों अमरूद के बाग में कीट से फलों के बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। बाग में लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिनके लिए घर से केबिल लाई गई है। जब दंपति कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे तभी उनका केबल से निकले तार से स्प्रे मशीन की पाइप के संपर्क में आने से रेशमपाल को करंट लगा तो वह छटपटाकर वहीं गिर गया। इसके बाद उसकी पत्नी उसे बचाने आई तो उसे भी करंट लग गया और दोनों की मौके पर मौत हो गई।



# पांच वारंटी गिरफ्तार

शेर सिंह
क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे अभियान में आज थाना चैनपुर पुलिस द्वारा पांच वारंटी सलीम पुत्र शब्बीर तथा बाकी पुत्र ईतवारी तथा नन्हे बख्श पुत्र बु दन निवासीगन उरला जागीर थाना ड्ढ3 चैनपुर तथा मनोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम नरियावल थाना चैनपुर जनपद बरेली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है थाना चैनपुर जनपद बरेली

